वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-2 सांगवाड़ा, शुक्रवार, 16 सितम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि: (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1

ट्रैफिक पुलिस में मासिक बंदी का खेल उजागर

ट्रैफिक हेड कांस्टेबल सुरेंद्र और बिचौलियों के बीच बंदी के ऑडियो वायरल, एसपी ने ट्रैफिक इंचार्ज व 3 हैड कांस्टेबल को हटाया

डूंगरपुर। पुलिस इन दिनों भ्रष्टाचार से जुड़े मामलो में सुर्खीयो में बनी हुई है। पहले शराब तस्करों से मंथली, फिर अवैध शराब को निस्तारित नही कर तस्करों को बेचने और अब ट्रैफिक पुलिस की मंथली का खुला खेल उजाकर हुआ है। ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार और बिचोलियो के बीच अवैध वसूली की बातचीत के कई ऑडियो वायरल हुए है। जिसके बाद एसपी राशि डोगरा ने ट्रेफिक इंचार्ज व 3 हैड कांस्टेबल को ट्रेफिक ड्यूटी से हटाने की कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में डूंगरपुर पुलिस की छवि राजस्थान में बिगडती जा रही है। डूंगरपुर जिले के पहले शराब तस्करों से मंथली लेने का मामला सामने आया। फिर इसके बाद जब्तसुदा अवैध शराब का नष्टिकरण नहीं कर शराब तस्करों को बेचने का मामला सामने आया। वही इस बार ट्रेफिक पुलिस द्वारा अवैध वसूली को लेकर बातचीत के कई ऑडियो वायरल हुए है। जिसमें वाहन चालकों से मंथली के नाम पर वसूली हो रही है। मंथली नही देने पर उनका चालान काटने या गाड़ी जब्त करने तक की धमकी दी गई है। ऐसे करीब 13 ऑडियो बताये जा रहे है। जिसमे ट्रैफिक हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार बिचोलियों और गाड़ी चालकों को फोन कर मंथली देने के लिए कह रहा है। वही मंथली नही देने पर उनकी गाड़ी का चालान काटने, गाड़ी नहीं चलने देने या फिर जब्त करने की धमकी दे रहे है। इस पूरे मामले में बिचौलिए की भूमिका भी संदिग्ध है जो डूंगरपुर शहर से चलने वाली सभी गाड़ियों पर निगरानी रखकर उनसे वसूली करता है और फिर ट्रैफिक हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार को दे देता है। हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ट्रैफिक इंचार्ज रमेशचंद्र पाटीदार का भी खास माना जाता है। इधर ये पूरा मामला डूंगरपुर एसपी राशी डोगरा की जानकारी में आने के बाद एसपी राशि डोगरा ने ट्रैफिक इंचार्ज रमेशचंद्र पाटीदार, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, डूलेसिंह ओर हीरालाल को ट्रेफिक ड्यूटी से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया है। वही मामले की जांच की जा रही है। इधर एसपी राशि डोगरा ने अब डूंगरपुर शहर के ट्रेफिक की व्यवस्था सहायक उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह को दी है।

दो सप्ताह बाद भी कोर्ट में न वाद दायर किया गया न ही जांच आगे बढ़ रही

कड़ाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि को कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से हड़पने का मामला

सागवाडा। कडाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि के मामले में शासन और प्रशासन की ढिलाई का पता इसी से लग रहा है की उक्त भूमि की रजिस्ट्री निरस्त कराने को लेकर कडाणा विभाग की ओर से कोर्ट में अभी तक वाद दायर नहीं किया गया है। कड़ाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि को कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से हड़पने के प्रयास के मामले में की जा रही जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है। इधर, भूमि ख़रीदने व बेचने वाले भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं वहीं दूसरी ओर कडाणा विभाग की ओर से अभी तक रजिस्ट्री को लेकर किसी प्रकार का वाद कोर्ट में दायर नहीं किया गया है। मामले में देरी से ऐसा लग रहा है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों के खिलाफ़ चल रही जाँच भी ठंडे बस्ते में है। सागवाडा दौरे पर आए डूंगरपुर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह यादव से जब कडाणा विभाग से जुड़े मामले पर सवाल किया गया तो उन्होंने भी यही कहा कि इस मामले में

पुलिस भी जांच कर रही है और राजस्व विभाग के अधिकारियों के खिलाफ़ डूंगरपुर जिला परिषद के सीईओ को जाँच दे रखी है। इधर, जब कलेक्टर से पूछा गया कि कडाणा विभाग की ओर से रजिस्ट्री के संबंध में वाद दायर किया गया है या नहीं तो इस संबंध में कलेक्टर ने कहा कि इसकी जानकारी अभी मुझे नहीं है। इधर, कडाणा विभाग के अधिकारियों से को जब इस मामले में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि इस मामले में वक़ील कलेक्टर की ओर से नियुक्त किए जाने हैं जिसकी जानकारी अभी तक नहीं मिली है ऐसे में वाद दायर नहीं किया गया। राजस्व विभाग के एक आदेश

पर सागवाडा में कडाणा विभाग की क़रीब 30 करोड़ की भूमि का न सिर्फ़ नामांतरण खोल दिया गया था बल्कि इसकी रजिस्ट्री भी कर दी गई थी। जब इस आदेश के फ़र्ज़ी होने की जानकारी मिली तो कलेक्टर के आदेश पर सागवाडा तहसीलदार मयूर शर्मा ने नामांतरण को निरस्त कर दिया था और कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से ज़मीन हड़पने के मामले में सागवाडा थाने में एफ़आइआर भी दर्ज कराई थी। इसके कुछ दिनों के बाद डूंगरपुर कलेक्टर ने तहसीलदार मयूर शर्मा, गिरदावर मुकेश भोई और पटवारी राकेश मकवाना को निलंबित कर इनके खिलाफ़ विभागीय जांच के आदेश दिए थे। एफ़आइआर दर्ज होने के बाद से ही ज़मीन को ख़रीदने वाली और बेचने वाले अब तक पुलिस के हाथ नहीं लग पाए हैं। इधर, यह भी बताया जा रहा है कि पहले तो सिर्फ़ ख़रीदने और बेचने वाले ही फ़रार थे लेकिन पुलिस की दबिश के चलते अब परिवार वाले भी घर छोड़ चुके है। दो सप्ताह से अधिक का समय गुजरने के बाद भी कडाणा विभाग की ओर से रजिस्ट्री को लेकर कोर्ट में कोई वाद दायर नहीं किया गया है।

इनका कहना

रजिस्ट्री निरस्त करने के लिए कोर्ट में वाद दायर करने कलेक्टर से आदेश प्राप्त हुए थे। इसकी जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। हालाँकि इस मामले में कलेक्टर की ओर से वक़ील नियुक्त किया जाना है जिसकी प्रक्रिया अभी चल रही है। इसके बाद कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा।

ताराचन्द गहलोत, एक्सईएन कडाणा विभाग सागवाडा

चोरो ने बाइक शोरुम को बनाया निशाना, सर्विस के लिए आई एक बाइक व हजारों का सामान हुआ चोरी

डूंगरपुर। जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के कलेक्ट्रेट मार्ग पर चोरो ने बीती रात एक बाइक शोरुम को अपना निशाना बनाया है। चोर शोरुम के ताले तोड़कर शोरुम के सर्विस सेंटर में सर्विस के लिए आई करीब ढाई लाख की एक बाइक व हजारो को सामान चुराकर ले गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले में पुलिस की ढिलाई के चलते इन दिनों चोरो के हौसले बुलंद है। जिलेभर में रोजाना चोरी की वारदाते हो रही है। इधर बीती रात चोरो ने डूंगरपुर कोतवाली थानान्तर्गत शहर में कलेक्ट्री रोड पर स्थित एक बाइक शोरूम को निशाना बनाते हुए शोरूम के सर्विस सेंटर में सर्विस के लिए आई एक पॉवर बाइक सहित हजारो का सामान चुरा ले गए। घटना की सुचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुची और शोरूम मालिक से रिपोर्ट लेते हुए मामले की जाँच शुरू की। कोतवाली थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि उदयपुर रोड पर सोमकमला आम्बा बाँध कार्यालय के सामने बीती रात चोरों ने एक बाइक शो रूम को अपना निशाना बनाया। शोरूम का ताला तोड़कर चोर अन्दर घुसे और सर्विस के लिए आई ढाई लाख रुपये कीमत की एक बाइक, लैपटॉप, मोबाइल, टूल किट और नई बाइक की चाबियों सहित हजारो का सामान चुराकर भाग गए। चोरी की घटना का खुलासा तब हुआ जब सुबह शो रूम खुला।शोरूम मालिक द्वारा कोतवाली पुलिस को चोरी की वारदात की सूचना दी गई जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुँच मुआयना किया।

योग और हमारा स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला हुई

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में हुआ आयोजन

सागवाड़ा। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में गुरुवार को जील हॉस्पिटल के पास जील क्लब में योग और हमारा स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें समिति के प्रांतीय अधिकारियों की टीम ने दोनों संगठनों के माध्यम से देशभर में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे कार्यों व उपलब्धियों की जानकारी दी।

राज्य प्रभारी और मुख्य वक्ता विनोद पारीक ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग से लोगों की कार्य क्षमता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि भस्त्रिका प्राणायाम के नियमित अभ्यास से हार्ट के ब्लॉकेज खुलते हैं, बीपी और शुगर भी कंट्रोल हो जाता है। योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज द्वारा भस्त्रिका प्राणायाम तेज गति से कराने के अच्छे परिणाम मिलने लगे हैं। भस्त्रिका प्राणायाम तेज गति से करने से फेफड़े साफ हो जाएंगे और किसी प्रकार का

वायरस प्रभावित नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले से किसी बीमारी से ग्रस्त हैं उनको भस्त्रिका धीरे-धीरे ही करना चाहिए। राज्य प्रभारी पारीक ने भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति और युवा भारत समेत सभी सहयोगी संगठनों का गठन कर सक्रिय लोगों की टीम बनाने और दायित्वों का विकेंद्रीकरण करते हुए समाज में संगठन के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत, संगठन के प्रति समर्पण और योग गुरु स्वामी रामदेवजी महाराज के प्रति आस्था रखने वाले लोगों को संगठन से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी दिनों में राजस्थान में पूज्य स्वामी परमार्थदेवजी के कार्यक्रमों की जानकारी दी। पारीक ने लंपी वायरस से गौ माता को सुरक्षित रखने व उनको ठीक करने के बारे में आयुर्वेदिक उपाय बताए। साथ ही कहा कि पतंजलि योग समिति से जुड़े हुए सदस्यों को योग, आयुर्वेद, शिक्षा, गौसेवा और गौ संवर्धन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी है। सह राज्य प्रभारी मदन मोहन ने जिला और तहसील स्तर की कार्यकारिणी में ऊर्जावान लोगों को दायित्व देने की बात कही। अध्यक्षता करते हुए कथावाचक कमलेश भाई शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रवाद के बिना व्यक्तित्व पूर्ण नहीं होता। शास्त्री ने साधुता की परिभाषा बताते हुए कहा कि जो समाज के बीच में रहकर समाज की विपरीत परिस्थितियों में समाज की विषमताओं को दूर करने, समाज को प्रकाशित करने उसे अच्छाइयों व ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सतत प्रयासरत रहे वही साधु है। शास्त्री ने वागड़ में वापस समरसता स्थापित करने के लिए भारत स्वाभिमान और पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में वागड़ में 1008 कुंडीय यज्ञ करने की आवश्यकता जताई। जिससे समाज में फैली विषमताओं को दूर करने की कोशिश की जा सकती है,इसमें समाज के सभी वर्गों की पूरे सम्मान के साथ सहभागिता सुनिश्चित हो। महिला राज्य प्रभारी विजयलक्ष्मी व राज्य सदस्य तारा ने संगठन में महिला सदस्यों की भूमिका के बारे में बताया। एडवोकेट महेंद्र कोठारी ने स्वागत करते हुए दोनों संगठनों की जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

संचालन बाबूलाल आचार्य ने किया और आभार अशोक मेहता ने जताया। कार्यशाला में योग गुरु अनिल वाडेल, युवा भारत के वीरभद्र सिंह, महिला प्रभारी डॉक्टर निर्मला पटेल, नलिनी गोवाडिया, जयंतीलाल पंड्या, नरेंद्र भगत, जिला यज्ञ प्रभारी नरेश शुक्ला,किसान पंचायत के भंवर सिंह चौहान समेत कई योग साधक मौजूद रहे।

रामसोर गाँव में पति- पत्नी की धारदार हथियार से हुई हत्या

चौरासी। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के रामसोर गाँव में अज्ञात बदमाशो ने घर में सो रहे पति-पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। सुबह पति-पत्नी के शव घर के अंदर खांट पर लहुलुहान हालत में पड़े मिले थे। घटना के बाद क्षेत्र के सनसनी फ़ैल गई है। खुद एसपी राशि डोगरा ने भी घटना स्थल का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। डूंगरपुर जिले के सीमलवाडा पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया की रामसोर निवासी 50 वर्षीय रामा पुत्र कमजी भगोरा की पहली पत्नी की मौत हो गई थी जिससे उसे 5 लडकिया थी और पांचो लडकियो की शादी हो चुकी है। वही करीब चार साल पहले रामा भगोरा ने आशा से नाता विवाह किया था। रामा व आशा भगोरा अकेले ही अपने घर पर रहते थे। सीमलवाडा पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया की आज सुबह रामा भगोरा का भाई थावरा किसी काम से अपने भाई रामा के घर पर गया और उसे आवाज लगाई लेकिन घर के अंदर से कोई जवाब नहीं आया। जिस पर थावरा घर के अंदर गया। इस दौरान थावरा के होश उड़ गए। घर के अन्दर खांट पर रामा व उसकी पत्नी आशा के शव लहुलुहान हालत में पड़े हुए थे। जिस पर थावरा ने मामले की जानकारी परिवार के अन्य लोगो को दी। घटना की जानकारी मिलने पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वही मामले की सुचना चौरासी थाना पुलिस को भी दी गई। सुचना पर चौरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया।

घर के अंदर खांट पर लहुलुहान हालत में मिले शव

एमआरएस की बैठक बुलाकर मशीन की ख़रीदी करने के निर्देश

कलेक्टर ने सागवाडा राजकीय अस्पताल का निरीक्षण किया, अस्पताल में सफ़ाई व्यवस्था, चिरंजीवी योजना, निशुल्क दवा योजना एवं जांच संबंधित जानकारी ली

सागवाडा। डूंगरपुर जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह यादव ने बुधवार को सागवाडा के राजकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में सफ़ाई व्यवस्था, चिरंजीवी योजना, निशुल्क दवा योजना एवं जांच संबंधित जानकारी ली।

पीएमओ डॉ. राजाराम मीणा ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर यादव ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए बेहतर साफ़ सफ़ाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अस्पताल में हो रही नि शुल्क जांचों के बारे में जानकारी। अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ़ की कमी एवं ब्लड बैंक में स्टाफ़ नहीं होने की जानकारी कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर यादव ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार गंभीर है और इसी के तहत सरकारी योजनाओं की जानकारी मरीज़ों को मिल रही है या नहीं इसे लेकर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। कुछ जगह सफ़ाई संबंधी निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि सरकार नि शुल्क जांच और नि शुल्क दवा की व्यवस्था कर रही है ऐसे में अधिक से अधिक लोगों को इसका फ़ायदा मिलना चाहिए। कलेक्टर ने बताया कि स्टाफ़ की कमी को दूर करने का प्रयास भी किया जाएगा। कलेक्टर ने पीएमओ डॉ. राजाराम मीणा को निर्देश दिए कि जल्द ही एमआरएस की बैठक बुलाकर मशीनों की ख़रीदी करने के निर्देश दिये।

30 लाख रुपए की शराब की जब्त, चालक गिरफ्तार

केमिकल टेंकर में भरकर अवैध शराब की तस्करी, रतनपुर चौकी पुलिस ने की कार्रवाई

डूंगरपुर। जिले के बिछीवाड़ा थाने की रतनपुर चौकी पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर अवैध शराब से भरे एक केमिकल टैंकर को पकड़ा है। पुलिस ने टैंकर से 320 कार्टन अवैध शराब बरामद की है। वही चालक को गिरफ्तार किया है।

जब्त शराब की कीमत 30 लाख रूपये बताई जा रही है। पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के डूंगरपुर पुलिस उपाधीक्षक राकेश शर्मा ने बताया की जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा के निर्देश पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिये रतनपुर बोर्डर होकर गुजरात शराब तस्करी की सुचना मिली थी। सुचना पर बिछीवाडा थानाधिकारी प्रभुलाल, रतनपुर चौकी प्रभारी पुलिस सुशील कुमार, कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह, वसीम खान, सुनील कुमार और नरेंद्र सिंह ने रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान उदयपुर की तरफ से एक केमिकल टैंकर आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस ने रुकने का इशारा किया। इधर पुलिस को देख टैंकर चालक टैंकर को सड़क किनारे खड़ा कर भाग गया, वहीं पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। आगे जाकर रास्ते में नदी पड़ने से टैंकर चालक भाग नहीं सका और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। इधर पुलिस ने केमिकल टैंकर को खोलकर उसकी तलाशी ली तो टैंकर में शराब के कर्टन भरे हुए थे जिस पर पुलिस ने टैंकर को जब्त करते हुए टैंकर चालक उदयपुर जिले के करदा निवासी विजय मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने केमिकल टैंकर से 30 लाख रुपए कीमत की 320 कार्टन अवैध शराब जब्त की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह शराब गुड़गांव से भरकर अहमदाबाद ले जाए जानी थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

जिला कलक्टर डॉ यादव ने सड़क निर्माण कार्य सही नही होने पर जताई नाराजगी

डूंगरपुर। जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने गुरुवार को ग्राम पंचायत पादरा से पुनाली तक की सड़क कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने सार्वजनिक विभाग के अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता को सड़क कार्य गुणवत्तायुक्त और सही नही होने पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदारों को पाबंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क कार्य पर।5 एमएम की हाइट लेने के निर्देश दिए हैं ।

साथ ही उन्होंने सड़क के बीच जो पुलिया बने हैं, उसकी भी ऊंचाई उठाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क पर सफेद पट्टा, रेडियम स्टीकर व स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए भी पाबंद किया।

खेमपुर पंचायत के सरपंच व उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ख़ारिज हुआ

दो तिहाई मत खिलाफ नहीं गिरने से अविश्वास प्रस्ताव हुआ खारिज

आसपुर। डूंगरपुर जिले की दोवडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खेमपुर की सरपंच व उपसरपंच के खिलाफ पेश हुए अविश्वास प्रस्ताव पर आज पंचायत में तहसीलदार की मौजूदगी में वोटिंग करवाई गई। इस दौरान दो तिहाई मत सरपंच व उपसरपंच के खिलाफ नहीं होने से अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। डूंगरपुर जिले के दोवडा तहसील के तहसीलदार मधुसुधन जोशी ने बताया की डूंगरपुर जिले की दोवडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खेमपुर के 6 वार्ड पंचो ने डूंगरपुर जिला परिषद के मुख्य कार्य अधिकारी को सरपंच लक्ष्मी देवी और उप सरपंच तारादेवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। जिसमे वार्ड पंचो ने सरपंच व उप सरपंच पर पंचायत के काम में मनमानी के आरोप लगाए थे। साथ ही बताया था की वही उनके वार्डो में होने वाले कार्यो की स्वीकृति के सम्बन्ध में भी उनको जानकारी नहीं दी जाती थी। इधर वार्ड पंचो द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किये जाने के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर आज पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करवाने के निर्देश मिले थे। प्रशासन की ओर से मिले निर्देश पर आज खेमपुर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव में वोटिंग करवाई गई। वोटिंग में आठ सदस्यों ने भाग लिया।

जिसमे सरपंच व उपसरपंच के खिलाफ 5 व पक्ष में 3 मत गिरे। तहसीलदार मधुसुधन ने बताया की नियमानुसार दो तिहाई मत खिलाफ नही होने के चलते सरपंच व उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है।